In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वनस्पति परिचय

(संक्षिप्त सचित्र)

—अन्तुभाई वैद्य
आयुर्वेदाचार्य

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन

श्रीं शंकर दाजी शास्त्री पदे स्मारक पुस्तकालय

धन्वन्तरि-भवन, नई दिल्ली-२६

क्रमांक 1774

न्थनाम वनस्पति परिचय

खक/सम्पादक अन्नु भाई वैद्य,

काशक

क्रय तिथि

मूल्य

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वनस्पति-परिचय

(संक्षिप्त सचित्र)

★

लेखक

अन्तुभाई वैद्य, आयुर्वेदाचार्य

डायरेक्टर:

आयुवद रिसर्च इन्स्टीट्यूट,

प्रधान सम्पादक:

आराग्य विभाग, वंदेमातरम् गुजराती दैनिक.

स्त्री विज्ञान, स्वयमभिषक् आदि पुस्तकों

के रचयिता.

★

१९५२

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रकाशकः
आयुर्वेद रिसर्च इन्स्टीटयूट
कलम कुटीर, फ्रिअर रोड,
फोर्ट, बम्बई–१.

Vaidyaraj Zandu Bhatt
National Ayurvedic Library
Punjabi Bagh, New Delhi-26
Call No.
Book No.
000096

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

मुद्रकः
कन्हैयालाल पी. श
सीताफल वाड़ो, माउन्ट र
मझगांव, बंबई–

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust



वैद्यराज पं. विश्वनाथ मिठाराम

आयुर्वेदाचार्य, वेदान्ताचार्य, रसायनाचार्य.

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पूज्यपाद् पिताश्री वैद्यराज पं. विश्वनाथ मिठाराम

जिनके आशिर्वाद ने

प्रस्तुत पुस्तक

के प्रणयन में प्रेरित किया है

उस दिवंगत आत्मा के

पुनीत पावन चरणों में

यह प्रथम पुष्प सादर

समर्पित

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

'यस्य देशस्य योज्जन्मीतज्जम्, तस्यौषधं हितम्'

★

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दो शब्द

मनुष्य के जन्म के साथ ही उसकी मृत्यु का विधान हैं। जीवन और मरण दोनों की गति समानान्तर रेखाओं की तरह है। समय की धार, जीवन के प्रत्येक पल को काटती जाती है और इस प्रकार पल-विपल, घड़ियाँ, दिन, मास और वर्ष बीत जाते हैं। आयुष्य पूरा हो जाता है। मनुष्य देह बाल, युवा, प्रौढ़ और वृद्धि इन चार अवस्थाओं से क्रमशः गुजरती है। इन अवस्थाओं में उसे अनेक प्रकार के संघर्षों और संकटों का सामना करना पड़ता है। ये संकट शारीरिक भी होते हैं, मानसिक भी। शरीर-शास्त्री इन्हें अनेक प्रकार के रोगों के नाम से जानते हैं। मनोविज्ञान के ज्ञाता इन्हें विविध प्रकार के मानसिक द्वन्द्वों, हर्ष, विषाद, शोक, प्रेम, घृणा और मन के उतार-चढ़ाव से सम्बन्धित दशा उपदशाओं में विभाजित कर विभिन्न उपचार विवरण देते हैं।

मानव-देह अमूल्य है। त्रैलोक्य का राज्य, कुबेर की सम्पदा, और ज्ञान-विज्ञान के समस्त चमत्कार भी मनुष्य की मृत देह को प्राण-दान नहीं दे सकते। मृत्यु के अनेक कारण हैं। दुर्घटना हैं। पर उन किसी का वश नहों। रोग है—रोग के अनेक निदान हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मनुष्य-शरीर के प्रादुर्भाव कें साथ ही रोग की उत्पत्ति हुई है। अतः कहना होगा कि रोग उतने ही प्राचीन हैं, जितना मनुष्य देह ! फिर भी रोगों की संख्या वृद्धि धीरे २ हुई हे। विभिन्न कालों और सामाजिक परिस्थितियों में, युद्ध और शान्ति दशाओं में राष्ट्र और जातियों ने विभिन्न रोग देखे हैं। रोग की उत्पति के साथ ही या कुछ समय पश्चात् पंडितों ने उनके उपचारों की खोज की है। इस प्रकार कहना चाहिए कि चिकित्सा-शास्त्र उतना ही प्राचीन है। जितना मानव जाति का इतिहास।

विद्वानों की राय है कि आदि मानव जाति के विचार हमें सबसे पहले ऋग्वेद में लिपिबद्ध रूप में मिलते है। इस ग्रंथ की रचना पुरातत्ववेत्ताओं के मतानुसार इसके ३५०० वर्ष पूर्व तक किसी काल में मानी जाती है।

ऋग्वेंद में सोम नामक औषधि के वर्णन मिलते हैं। किन्तु सोम के विषय में आजतक कोई यथेष्ट अनुसन्धान नहीं हो पाया है। शास्त्रीय वर्णनों से यह अवश्य ज्ञात होता है कि यज्ञ और पूजन के समान पवित्र कर्मों में सोम का उपयोग था और सोम का मादक पदार्थ के रूप में सेवन भी किया जाता था।

अथर्ववेद में, जड़ी बूटियों का अधिक विस्तृत वर्णन मिलता है। ज्यों ज्यों औषधि विज्ञान की जानकारी बढ़ने लगी त्यों २ इस विषयक आवश्यकताएं बढ़ती गईं और धीरे-धीरे उपरोक्त विज्ञान से एक स्वतन्त्र शास्त्र के रूप में आयुर्वेद कहलाया। प्राचीन ग्रन्थों के अनुसार इस आयुर्वेद के पिता स्वयं ब्रह्मदेव हैं। और मनुष्यजाति में इस विज्ञान का प्रचार उन्होंने दक्ष प्रजापति के द्वारा करवाया। दक्ष प्रजापति के बाद अश्विनीकुमार तथा उनके कई नाम प्रसिद्ध हैं। अश्विनीकुमार आयुर्वेद और चिकित्सा शास्त्र में पारंगत थे। च्यवन ऋषि को पुनः नवयौवन की प्राप्ति, दक्ष प्रजापति के कटे मस्तक का जोड़ा जाना, युद्ध क्षेत्र में घायलों का उपचार, कटी हुई टांग के स्थान लोहे की टांग जोड़ देना आदि उनके चमत्कार हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अश्विनीकुमारों के पश्चात् आत्रेय और धनवन्तरि के नाम आते हैं। आत्रेय चरक-सम्प्रदाय के संस्थापक और धन्वन्तरि सुश्रुत के गुरु थे। इनका जन्म आयुर्वेद के इतिहास में कालान्तरों के लिए स्मरणीय रहेगा। चरक की चरक-संहिता और सुश्रुत की सुश्रुत-संहिता ग्रंथावलियां आयुर्वेदाकाश के चन्द्र सूर्य के समान हैं। चरक संहिता में चिकित्सा विज्ञान का विस्तृत वर्णन पाया जाता है और सुश्रुत संहिता में शल्यक्रियाओं का विषद वर्णन है।

जहाँ तक वनस्पतियों का विषय आता है, इस बात के प्रमाण मिले हैं कि प्राचीनकाल से ही भारत में विदेशी वनस्पतियों का आयातनिर्यात होता था। कहते हैं कि मुलेठी इस देश की वनस्पति न होकर एशिया माइनर से भारत में आई है। चक्रदत्त ग्रन्थ में मुलेंठी का वर्णन पाया जाता है।

इन औषधियों और वनस्पतियों में अपार गुण थे। आज भी हैं। किन्तु उनका उपयोग और प्रयोग चिकित्सक बन्धुओं ने एक सीमा तक बहुत कम कर दिया है। इसमें कई प्रकार की समस्याएं भी आ खड़ी हुई हैं।

भारत वर्ष में वैदिककाल और बुद्धकाल में जो २ औषधियां पाई जाती थीं, वनस्पति-विज्ञान के जो चमत्कार प्रस्तुत थे और चिकित्सा की गति में जो विकास हुए थे, उनकी पुष्टि हमें विदेशी औषधियों का अध्ययन करने पर मिलता है कि उनपर आर्यौषधियों का कितना प्रभाव है! ग्रीस, रोम, और पूर्व-पश्चिमी योरप के विभिन्न देशों की चिकित्सा प्रणालियों और औषधियों पर आर्यावर्तीय आयुर्वेद-शास्त्र का पर्याप्त प्रभाव पड़ा है।

आयुर्वेदोक्त बनस्पति शास्त्र विषयक विभिन्न क्षेत्रों में आजतक जो अध्ययन किया गया है वस्तुतः वह किसी अंश तक विकासोन्मुखी रहा है किन्तु अक्रमबद्ध और अश्रेणिबद्ध होने से इसके संशोधन का पर्याप्त निर्वाह नहीं हो सका।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पाठकों के लिए वनस्पति-विज्ञानसे सम्बन्धित सचित्र हिन्दी पुस्तक की पूर्ण आवश्यकता इधर बरसों से रही है। इन्हीं कमियों की पूर्ति के लिए और सद्‌गृहस्थों, विशेषज्ञों और विद्यार्थियों का ध्यान अधिक स्पस्ट रूप से इस ओर आकर्षित करने के लिए "वनस्पति-परिचय" ग्रंथ की रचना की गई है।

इस कार्य मे मेरे अग्रज भ्राता पूज्य *श्री वल्लभराम विश्वनाथ वैद्य* का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। साथ ही *श्री शामलदास गांधी* का मै अन्यन्त आभारी हूँ जिन्होंने समय समय पर प्रस्तुत पुस्तक के प्रणयनमें मुझ पूर्ण प्रेरणा और सहयोग दियाहै। इसके अतिरिक्त *श्री मान् डॉ. टी. एस. महाबले* अध्यक्ष, बोड ऑफ स्टडीज इन बॉटेनी, बम्बई यूनिवर्सिटी, ने पुस्तक की पाण्डुलिपि संशोधन का अवलोकन कर कृतज्ञ किया है। ग्रंथ रचना में मुझे *श्री घनश्यामलाल खेमराज भट्ट* का सर्वथा सराहनीय सहयोग मिला है। उन्होंने अत्यन्त परिश्रम पूर्वक मुझे कई बातों मे सहायता की है, जिसके लिए मैं उनका अनुगृहीत हूं। ग्रंथ के मुद्रण में ओरियन्ट प्रिन्टिग हाउस के अधिष्ठता श्री कन्हैयालाल शाह ने जो सहयोग किया है, उसक लिए धन्यवाद के पात्र हैं।

अन्ततः मैं पुनः उन आयुर्वेद रिसर्च इन्स्टीट्यूटके सभी साथियों और सहयीगियों के प्रति आभार प्रदर्शन करता हूँ जिनसे मुझे इस महत्कार्य में सदैव सहयोग मिला है।



बम्बई-१

श्रावण शुक्ला १५

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्राक्कथन

(वैद्यरत्न कविराज डाक्टर प्रतापसिंहजी)
डी. एससी., प्राणाचार्य, रसायनाचार्य, भिषंगमणि;
डायरेक्टर—आयुर्वेदिक डिपार्टमेन्ट, राजस्थान गवर्नमेन्ट,
उदयपुर.

भारत की चिकित्सा शास्त्र की मूल भित्ति वनस्पति है। वनस्पतियों के संपूर्ण ज्ञान के बिना वैद्य केवल पंसारियों का दास रहता है, और जो कुछ पन्सारी जिस किसी नाम से द्रव्य देता है उसे प्राप्तकर उपयोग करता है और असिद्धि प्राप्त होने पर अपयश का भागी बनता है। अपयश तभी होता है जब।

"यस्य कस्य तरोर्मूलं, येन केनाऽपि संचितम्
यस्मै: कस्मै: प्रदातव्यं, यद्वा तद्वा भविश्यति"

इस पद्य के अनुसार औषधियों का उपयोग किया जाता है।

आयुर्वेद शास्त्र का निश्चित सिद्धान्त है कि ज्ञानपूर्वक चिकित्सा करने से अवश्य लाभ होता है, ज्ञान मूल सिद्धान्तों का गुरुमुखोद्गीर्ण ही न हो वह प्रत्यक्ष मूलक होना चाहिए। प्रत्यक्ष ज्ञान शास्त्रानुकूल द्रव्य का साक्षात्कार करने ही से होता है। इस कार्यको सचित्र ग्रंथ उत्तमता से करा सकते हैं।

प्रस्तुत पुस्तक इसी उद्देश्य की पूर्ति करने के लिए लिखी गई है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विद्वान लेखक अनुभवी चिकित्सक हैं, आप उभयज्ञ हैं; इससे जो कुछ लिखा है वह परम मनन और उभय प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों के सार रूप से संकलित किया गया है। चित्र बहुत ही सुन्दर और उत्तम बने हैं, चित्रों की सहायता से वनोपवन में औषध द्रव्यों के समय पर संग्रह करने में बड़ी सहायता प्राप्त होगी।

भारतवर्ष वनस्पतियों का भंडार है। अनेक प्रकार की वनस्पतियों में विविध प्रकार की रूप रेखा में ऋतुभेद से वनस्पतियों की आकृतियाँ बदलती रहती है, अनेक वनस्पतियां समानाकृति होती हैं। ऐसी दशा में विद्यार्थी या वैद्य वनस्पति को देखकर भ्रमित हो जाया करते हैं, उसका परिहार सुन्दर चित्र और विषद वर्णन ही से हो सकता है। प्राचीन काल में जब चित्र निर्माण कला का विकास केवल कलम के ही बल पर होता था उस समय भी बड़े २ परिश्रम से चित्र बनाकर ज्ञान प्राप्त किया जाता था। ऐसे अनेक चित्र राजा महाराजाओं के संग्रहालय में अब भी देखने को मिल जाया करते हैं।

चित्रकला द्रव्य के परिचय के लिये परमावश्यक साधन है। पाश्चात्य शिक्षा दक्षों ने इस कला का सर्वत्र सर्व प्रकार की शिक्षा में भूरि भूरि प्रयोग कर अध्ययन अध्यापन बड़ा सरल कर दिया है।

ऋषि, मुनि, तपस्वी जन बिना चित्रकला की सहायता के भी निम्न पद्य के अनुसार वनस्पति ज्ञान के लिये बड़ा परिश्रम करते थे।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

"किरात गोपालक तापसाद्याः, वने चरास्तत् कुशलास्तथान्ये ।
विदन्ति नाना विद्य भेषजानां प्रमाण वर्णाकृति नाम जातिः ।।
तेभ्यः सकाशादुपलभ्य वैद्यः पश्चाच्चशास्त्रेषु विमर्ष्य बुध्याः ।
विकल्पयेत द्रव्य रस प्रभाव विपाक वीर्याणि तथा प्रयोगात् ।।"

किन्तु आज का समय उस प्रकार के ज्ञान के उपयुक्त नहीं है । अतः सचित्रग्रन्थों का प्रकाशन परमावश्यक है ।

आयुर्वेद पढ़ाने का ढंग समय के अनुसार बदलना ही पड़ेगा । शास्त्र ने साफ २ बतलाया है कि प्रत्यक्ष और शास्त्रमूलक ज्ञान प्रत्येक वैद्य को होना चाहिये । जो वैद्य कर्मभ्यासी हैं और शास्त्र से विमुख है तो उसे राजाज्ञा से प्राण दंड देने का आदेश है ।

"यस्तु कर्मसु निष्णातः धार्ष्टयात् शास्त्र बहिष्कृतः ।
न सत्सु पूजोमाप्नोति, वंधं चार्हति राजतः" ।।

आज राज व्यवस्था प्राचीन आदर्श के अनुसार चलने का समय आगया है । भारत के अतिरिक्त देशों में चिकित्सा मर्यादा का नियंत्रण कठोरता से होने लगा है । विदेशी कोई बिना यहां की राजाज्ञा के चिकित्सा व्यवसाय नहीं कर सकता है, पर दुर्भाग्य से हमारे देश में अभी ऐसी व्यवस्था नहीं है पर संभवतः शीघ्र ही होने की आशा है ।

इस समय देश में नव विविध विधान बन रहे हैं । आयुर्वेद का भी भाग्योदय होगा ऐसी पूर्ण आशा है और आज की जो पठनपाठ्य की नाटकीय शैलि है उसका अन्त अवश्य होगा ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आयुर्वेद प्रकाकार ने आयुर्वेद के इस शास्त्र के पठन पाठन का निम्म पद्य में कैसा सुन्दर सजोव चित्राङ्कण किया है ।

"अध्यापयन्ति यदि दर्शयितु क्षमन्ते, सूतेन्द्र कर्म गुरवो गुरवस्त एव ।
शिष्यास्त एव रचयन्ति पुरो: गुरूणांशेषा: पुनस्त्वूभयाभिनयं भजन्ते ।।"

अन्य विषय भी इसी प्रकार जब पढ़ाये जावेंगे तब आयुर्वेद की शिक्षा पूर्ण होगी । प्रस्तुत पुस्तक इस दशा में उत्तम कार्य करेगी ऐसी पूर्ण आशा है ।

मैं लेखक और प्रकाशक महोदय का पूर्ण आभारी हूँ कि मुझे इस उपयोगी पुस्तक के प्राक्कथन लेखन के लिये अवसर प्रदान किया ।

आशा है वैद्य समाज इस उपयोगी पुस्तक का समुचित समादर कर लेखक का उत्साह वर्धन कर आदर्श शिक्षा प्रसार में सहयोग प्रदान करेंगे ।

आनन्द भवन
उदयपुर
४. ४. ५२

कु. प्रतापसिंह

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

'वनस्पति विज्ञान'

आयुर्वेद के परिष्कृत, परिमार्जित और वैज्ञानिक अध्ययन के लिये 'वनस्पति विज्ञान' का विस्तृतज्ञान प्राप्त करना नितान्त आवश्यक है। चरक, सुश्रुत, ऋग्वेद और यजुर्वेद प्रभृति प्राचीन ग्रंथों से हमें 'वनस्पतिशास्त्र' के विभिन्न अंगों पर प्रकाश प्राप्त होता है।

अधिकांशतः यह ज्ञान इन ग्रंथों में सूत्ररूप से, अक्रमबद्ध तथा अश्रेणीबद्ध प्राप्त होने पर भी, संसार के–ग्रीक, चीन, मिश्र आदि–अन्य देशों की अपेक्षा भारत, तत्कालीन चिकित्सालयोपयोगी वनस्पतियों (Medical plants) के ज्ञान की दृष्टि से सर्वोत्तम रहा है। दुर्भाग्यवश इसके 'विकास' का निर्वाह अन्त तक नहीं हो सका। संभवतः इसके 'सूत्र रूप, अक्रमबद्ध और अश्रेणीबद्ध ज्ञान के होने के कारण ही भारतीय विद्वान इस ओर विशेष आकृष्ट नहीं हो सके जिससे इस विज्ञान में आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से वर्गीकरण; विभाजन आदि प्राप्त नहीं होता जो विज्ञान के प्रधान अंग समझे जाते हैं।

Messers Hooker Thompson सन् १८५५ के लगभग लिखते हैं कि:—

"We have had a considerable experience both in medical and economical botany, and we announce boldly our oonviction that so far as India is concerned these departments are at standstill for want of a accurate scientific guide to the flora of that country."

—*Introductory essay to the flora Indica; Page 3 London 1855.*

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

एक अमेरिकन वनस्पतिशास्त्रवेत्ता का कथन है कि:—

"But the discoveries and observation of the Indians have perished with themselves; having had no system for the classification or description of plants, no any written language by which such a system might have been conveyed to others, no other vestige remains than uncertain tradition of their knowledge of the medicinal qualities of plants".

स्थावर जंगमात्मक यह समस्त सृष्टि पंचीकृत पंच महाभूतों से उत्पन्न हुई है। सृष्टि में दृष्टि सम्मुख उपस्थित होने वाले, नाना प्रकार के समस्त विलक्षण पदार्थों को साधारणतः हम दो विभागों में विभक्त कर सकते हैं।

(१) सजीवपदार्थ या चेतन सृष्टि (Living objects):

यह सृष्टि वह है जिसको हम 'जीवित' कहते हैं तथा जिसके द्वारा हमको 'जीवन' की अभिव्यक्ति होती है। जैसे—मनुष्य, गाय, बैल आदि चौपाये पशुपक्षी, समस्त जलचर, तथा विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे, पुष्पादि।

(२) निर्जीव पदार्थ या जड़ सृष्टि (Non-living objects):

सृष्टि के उन पदार्थों को, जिनमें चेतन सृष्टि के विपरीत लक्षण प्राप्त हों, निर्जीव सृष्टि (Non-living objects) कहते हैं। जैसे पत्थर, मिट्टी, अन्य धातु आदि पदार्थ।

उपरोक्त दो प्रकार की सृष्टि का यदि मार्मिक अध्ययन किया जाय तो वस्तुतः हमको सजीव सृष्टि में भी दो श्रेणियां दृष्टिगोचर होती हैं। प्रथम श्रेणी में गाय, बैल आदि पशु और द्वितीय श्रेणी में वृक्ष पुष्पादि सम्मिलित किये जा सकते हैं। अतः यह स्पष्ट है कि प्रथमश्रेणी द्वितीय श्रेणी से नितान्त भिन्न है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वर्ग विशेष की दृष्टि से आधुनिक वैज्ञानिकों ने सजीव का नाम—Biological Science—दिया है। यह Bios (life); जीवन; और Logos (Discouse or Science) विज्ञान, इन दो ग्रीक शब्दों के संयोग से बना है जिसे 'प्राणिविज्ञान' (Biology) कहते हैं।

सजीव सृष्टि की उपरोक्त दो श्रेणियां प्राणिविज्ञान का भेद मात्र है। जिसे क्रमशः जन्तुवर्ग (Zoology) और वनस्पतिवर्ग (Botany) कहते हैं। अर्वाचीन मतानुसार प्रस्तुत दोनों वर्गों का उद्गम क्रमशः ग्रीक के शब्द Zoo (animal) प्राणीवर्ग और Botane (Herbs) वनस्पतिवर्ग, से हुआ है।

निम्नांकित चित्र से वर्ग विशेषों के श्रेणी विभाग का स्पष्टतया ज्ञान हो जावेगा।

सृष्टि
- सजीव (living objects)
  - (Botany) वनस्पतिवर्ग
  - (Zoology) जन्तुवर्ग
- निर्जीव (Non-living objects)

वस्तुतः वनस्पति शास्त्र में पेड़ पौधों आदि का अध्ययन भिन्न २ दृष्टिकोणों से किया जाता है। जैसे उनके बाह्य और आभ्यान्तरिक अंगनिर्माणक्रियाओं का अनुसन्धान, उनकी शारीरिक वृद्धि, पोषण, सन्तानोत्पत्ति तथा संवर्तन क्रियाओं की परिचालन शक्ति उनके आसपास के वायुमंडल का उनकी विभिन्न क्रियाओं पर प्रभाव, परिवर्तन आदि। इसके अतिरिक्त ये मानव समाज के लिये कहां तक उपयोगी हैं यह भी विचार है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

"How plants may be trained to work for man" के सिद्धान्तानुसार इनका अध्ययन किया जा सकता है। अतः विभिन्न वनस्पतियों का विभिन्न स्थिति में अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है। क्योंकि सजीव सृष्टि में हमको उसकी लघु, दीर्घ, दोनों ही प्रकार की स्थितियां पूर्णतया परिलक्षित होंगी। चाहे वह वनस्पति वर्ग की हों या प्राणीवर्ग की। प्रत्येक वर्ग की सृष्टि छोटी बड़ी सभी प्रकार की है। प्रायः हम देखते हैं कि एक ओर जहां विशाल महाकाय वट, ताड़, अम्रादि वृक्ष हैं वहाँ दूसरी ओर कुश, दूर्वा, और नाना प्रकार की छोटी छोटी घास, लताएँ आदि भी प्राप्त हैं। यदि इसका और सूक्ष्म दृष्टिकोण से अध्ययन किया जाय तो हमें इससे और नन्हीं नन्हीं सूक्ष्म वनस्पतियां प्राप्त होंगी जिन्हें हम अपने नेत्रों से नहीं देख सकते। अणुवीक्षण या सूक्ष्म दर्शक (Microscope) का आश्रय लेकर ही उनको भली प्रकार देख सकते हैं। अतः वनस्पति वर्ग का विभिन्न दृष्टिकोण से अध्ययन करना स्वाभाविक ही है।

सजीव पदार्थों के लक्षण—(Characteristics of living objects):

हम यह नहीं जानते कि वस्तुतः 'जीव' 'जीवात्मा' या 'ज़ीवन' क्या वस्तु है तथा इसकी आकृति प्रकृति क्या है? केवल इसकी कल्पना ही की जा सकती है। अतः स्वभावतः हम इसकी परिभाषा करने में नितान्त असमर्थ सिद्ध होते हैं। केवल सजीव पदार्थों (Living objects) में निर्जीव पदार्थों (Non-living objects) से कुछ विशेष भिन्न लक्षण प्राप्त होने से हम इसका सजीव पदार्थ नामकरण कर देते हैं। ऐसे सजीव पदार्थों के निम्नलिखित लक्षण प्राप्त होते हैं:—

(१) जीवनचक्र (Life cycle)–प्रत्येक सजीव पदार्थ का एक निश्चित्त जीवन-क्रम होता है। जिसमें उत्पादन, शारीरिकवृद्धि, सन्तानोत्पत्ति और मृत्यु आदि समस्त क्रियायें सम्मिलित होती हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रत्येक प्राणी वृक्ष और पौधे आदि सजीव पदार्थों का विकास भ्रूण (Fmbryo) द्वारा सम्पादित होता है। यह शनैः शनैः वृद्धि को प्राप्त हो, भिन्न, २ वर्गानुसार—वनस्पतिवर्ग या प्राणीवर्ग का रूप धारण करता है तथा कुछ काल पश्चात् अपने जीवन क्रम को स्थायी रखने के हेतु सन्तानोत्पत्ति कर विभिन्न विभागों में विभिन्न रूप प्राप्त करता है। अन्त में जीर्णशीर्ण अर्थात् वृद्धावस्था को प्राप्त होने पर समस्त क्रियायें शीतल हो जाने से यह समाप्त हो जाता है।

(२) जीवनमूल (Protoplasm)-यह सजीव पदार्थों के जीवन का एकमात्र आधारभूत वह पदार्थ है जिसे जीवनमूल (Protoplasm) कहते हैं।

जीवन केवल ज़ीवनमूल पर ही स्थित है। प्राणभूत जीव सम्बन्धी समस्त क्रियाओं का प्रचालन भी जीवनमूल द्वारा ही सम्पादित होता है और इसके विभिन्न व्यापारों से ही जीवन की अभिव्यक्ति होती है। यह सजीव सृष्टि में नानाप्रकार की गतियों का प्रादुर्भाव करता है तथा प्रकाश (Light), तापक्रम (Temperature), रसायनिक द्रव्य (Chemical substantances), और विद्युताघात (Electric Shock) आदि समस्त उत्तेजक (Stimulus) वस्तुओं के प्रति बहुत ही सूक्ष्मग्राही (Sensitive) होता है। जीवनमूल एक संदिग्ध वस्तु है।

श्रीदत्तजी लिखते हैं कि—"It is a delicate and complicated substance and any attempt to analyze it will Kill and destroy the properties that impart it life".

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भौतिकता की दृष्टि से (Physically) यह एक स्निग्धपारदर्शक पदार्थ (Hyaline, Viscous substance) है और अणुवीक्षण से देखने पर बीजाकार प्रतीत होता है। रसायनिक दृष्टि से (Chemically) जीवनमूल एक जटिल प्रोटीन (Complex Protein) है जिसका विशेषत: जारक (Oxygen), प्राङ्गार (Carbon) और 'शुल्वारि' (Sulphur) से पूर्ण सामञ्जस्य है। विश्लेषण (Analysis) द्वारा जीवनमूल के विचित्र निर्माण (Peculiar organisation) के आवश्यक लक्षण भी प्राप्त नहीं होते हैं। जीवनमूल में केवल रसायनिक परिवर्तन निरंतर होता रहता है। यह बाहर से आये हुए निम्नश्रेणी के पदार्थों को लेकर उच्चश्रेणी के पदार्थों का निर्माण करता है और साथ ही साथ उन उच्चश्रेणी के पदार्थों का विश्लेषण भी निरन्तर आरम्भ रहता है। अत: जीवनमूल में परिवर्तनशीलता का अंश प्रधानतया प्राप्त होता है इसके जिस अणु या अंश को 'जीवन' कहते हैं वह केवल 'परिवर्तनशीलता' पर ही अवलम्बित है तथा यह एक आत्मसंचालक पदार्थ है।

(३) श्वासोच्छ्वानक्रिया (Respiration)–श्वासोच्छ्वास क्रिया ही केवल 'जीवन का द्योतक है। प्रत्येक सजीव सृष्टि–वनस्पतिवर्ग या प्राणीवर्ग–में निरन्तर अहोरात्र यह क्रियाये चलती ही रहती हैं। श्वासोच्छ्वासक्रिया का वायुमंडल तथा अन्य वातावरण से बहुत सामञ्जस्य रहता है। इस क्रिया द्वारा ये जारक (Oxygen) ग्रहण करते हैं। और प्रांगारद्विजारेंय (Carbon di oxide) का परित्याग करते हैं। श्वासोच्छ्वासक्रिया से सजीव सृष्टि के विभिन्न अंगों में भिन्न २ प्रकार का प्रभाव पड़ता है। वनस्पति वर्ग में प्राणी–वर्ग से यह विभिन्नता विशेष प्राप्त होती है

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

श्वासोच्छ्वासक्रिया में भिन्न २ पदार्थों से संयोग, नियोग आदि से उसमें उतार-चढ़ाव आता है। साथ ही इस क्रिया का शारीरिक तंतुओं (tissues) तथा लसीकाओं आदि पर भी बहुत प्रभाव पड़ता है।

श्वासोच्छ्वासक्रिया से प्रत्येक सजीव में खाद्यरूप-शक्ति संचय होती है जिसे जीवनमूल (Protoplasm) अपनीपेचीदी क्रियाओं के लिये उपयोग में लाता है।

भारतीय प्राचीन विद्वान संभवत: वनस्पति विज्ञान के आधुनिक श्वासोच्छ्वास क्रिया विज्ञान विषय में अनभिज्ञ हों परन्तु श्वासोच्छ्वास क्रिया के समय वनस्पतिवर्ग जो गेस (Carbon di oxide) का परित्याग करता हैं उसके विषय में अनभिज्ञ नहीं थे। जिसकी पुष्टि मनुजी के निम्नांकित श्लोक से स्पष्टतया होती है।

अद्वारेण च नातीयाद्ग्रामं वा वेश्म वाऽऽवृतम्।
रात्रौ च वृक्षमूलानि दूरतः परिवर्जऐत ॥

मनुसंहिता अध्याय ४ श्लोक ७३

(४) सन्तानोत्पति (Reproduction) सचीव सृष्टि चाहे औद्भिज्य वर्ग की हो या प्राणी वर्ग—दोनों में ही—सन्तानोत्पति की शक्ति होती है अर्थात् वें अपने समान अन्य नवीन अंगों का प्रादुर्भाव करते हैं।। निर्जीव (Non-living objects) में सन्तानोत्पति—शक्ति का नितान्त अभाव होता है। केवल यांत्रिक क्रियाओं द्वारा ही वे कई टुकड़ों में विभक्त किये जा सकते हैं। परन्तु सजीव सृष्टि की सन्तानोत्पति की समस्त क्रियायें एक निश्चित क्रम और समयानुसार होती है।

आयुर्वेदिक दृष्टिकोण:—

प्राचीन ग्रन्थों मे भी पेड़ पौधों आदि के सन्तानोत्पति के विषय में यथेष्ट मात्रा में अध्ययन प्राप्त होता है:—

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

हारीत उवाचः—

संयोगेन विना प्राज्ञ कथं गर्भो न जायते ।
संयोगेन विना पुष्पं फलं वा न कथं भवेत् ॥

आत्रेय उवाचः—

विरुद्धानाञ्च वल्लीनां स्थावराणाञ्च पुत्रक ।
तत्र धातु समं बीजं समयोगेन वर्तते ॥
न भिन्नदृष्टिस्तस्यैव दृश्यते शृणु पुत्रकः ।
स्थावराणाञ्च सर्वेषाम् शिवशक्तिमयं विदुः ॥
निश्चलोऽपि शिवोज्ञेयो व्याप्तिशक्तिर्म्महामते ।
तत्र स्त्रीपुरुषगुणा वर्तन्ते समयोगतः ॥
आम्रपुष्पं फलं तद्वद् बीजं शुक्रमयं विदुः ।

—हारीत संहिता, शारीरस्थान अध्याय पहला ॥

एक पाश्चात्य अवेक्षक (observer) लिखता है कि:—

"The Indian tells us that in the plants (Indian Reeds—Perhapes palmyra or Date, palm is meant) also the distinction of male and female obtains, the body of the male being more compact, and that of the female of greater amplitude"

—McCrindle Ancient India Sec V90

मनुजी लिखते हैं:—

"उद्भिज्जाः स्थावराः सर्वे बीजकाण्ड प्ररोहिणः ।
ओषध्यः फलपाकान्ता, बहुपुष्पफलोपगाः ॥
गुच्छगुल्मं तु विविधं तथैव तृणजातयः ।
बीजकाण्डरुहाण्येव प्रताना वल्ल्य एव च ॥

—मनुस्मृति अध्याय १ श्लोक ४६; ४८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(५) सात्मीकरण (Metabolism)–यह जीवन की अद्भुत क्रिया है। इसमें 'जीवनमूल' की 'रचनात्मक' (Anabolic) और 'संहारक' (Katabolic) दोनों क्रियाओं का घनिष्ट सामंजस्य है।

'रचनात्मक् क्रिया' आहार द्वारा जीवनमूल का निर्माण कर शरीर को धारण करती है। 'संहारकक्रिया' जीवनमूल और आहार रसका विश्लेषण कर विभिन्न प्रकार के रासायनिक तत्वों का निर्माण करता है।

(६) पोषण (Nutrition)–सजीव सृष्टि के जीवन के लिये आहार एक प्रधान वस्तु है। वनस्पतिजगत् को भी जीवन स्थायी रखने के हेतु आहार की आवश्यकता होती है। प्राणिवर्ग और वनस्पतिवर्ग के आहार की रासायनिक तत्व समान होते हैं। इन तत्वों का जीवनमूल द्वारा स्वयम् के पोषण और वृद्धि के हेतु पाचन और समीकरण किया जाता है। इस प्रकार सजीव सृष्टि के जीवन के लिये नियमित रूप से आहार पहुंचना नितान्त आवश्यक है।

(७) वृद्धि (Growth)–सजीव सृष्टि चाहे वनस्पति या प्राणि जगत्-हो दोनोंमें वृद्धि क्रिया सम्पादित होती है। यद्यपि 'स्फटिक' Crystal के समान निर्जीव सृष्टि में भी वृद्धि क्रिया होती है किन्तु ये अधिकांश अवस्था में एक दूसरे से भिन्न होती है। निर्जीव सृष्टि का वृद्धि-क्रम प्राय: बाह्य होता है। समान प्रकृति वाले भौतिक और रासायनिक अणु निर्जीव पदार्थ के बाह्य भाग को चारो ओर से आवृत हो जाते हैं। फलत: ये वृद्धि का कारण होते हैं।

सजीव सृष्टि में यह स्थिति नहीं होती है उनका 'वृद्धिक्रम' अभ्यान्तरिक होता है। जीवनमूल विभिन्न प्रकृति वाले अणुओं का अन्दर ही अन्दर अन्त:स्राव की वृद्धि को प्रश्रय देता है। इसमें वृद्धि के बाह्य लक्षण ही प्रकाश में आते है। सजीव सृष्टि में सर्वदा 'रचनात्मक' और 'संहारकक्रिया' अहोरात्र चलती रहती है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(८) गति (Movements)—गति जीवन का द्योतक है। इसी के द्वारा हमें 'जीवन' की अभिव्यक्ति होती है। अधिकांश वनस्पतियों में गति सीमित होती है। उनकी गतिशक्ति की कार्य क्षमता पृथ्वी के आश्रित है। प्राणिजगत् इस क्रिया का सम्पादन स्वच्छन्द रूप से करते हैं।

सजीव सृष्टि में 'गति' क्रिया दो भागों में विभक्त की जा सकती हैं—

(क) स्वाभाविक गतिक्रिया (Spontaneous movements)—यह वह अवस्था है जिसमें एक वनस्पति या प्राणि का अवयव विशेष किसी अन्य के हस्तक्षेप रहित स्वयम् की इच्छानुसार 'गतिक्रिया' का सुचारु रूपेण सम्पादन करें। यह क्रिया सजीवता का लक्षण है जिसके द्वारा जीवितावस्था का निश्चय किया जाता है। स्वाभाविक गति प्रायः वनस्पतियों और प्राणियों दोनों में प्राप्त होती है। प्रधानतः निम्नश्रेणी की वनस्पतियों में यह क्रिया बहुतायतसे प्राप्त होती है जैसे शेवाल (Algae) अणुवीक्षणयंत्र द्वारा वनस्पतियों में जोवनमूल संवहन या गतिक्रिया को भली प्रकार देखी जा सकती है।

(ख) उत्तेजक गतिक्रिया (Induced movement)—यह वह क्रिया है जिसमें वानस्पतिक या प्राणि अवयव विशेष बाह्य उत्तेजन द्वारा गति सम्पादन करें। यदि प्राणि के सन्निकट ताप होतो वह उससे दूर भागता है और यदि किसी हरित पौधे को बन्द कमरे में एक खिडकी खोलकर रखा जाय तो उसकी वृद्धि अवश्य होगी किन्तु वह खिडकी के आनेवाले प्रकाश की ओर प्रवृत होगा। तात्पर्य यह है कि प्रकाश और ताप उपरोक्त दोनों प्रकार की सजीव सृष्टि में वाह्य-उत्तेजकों के रूप में कार्य करते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

इसके विपरित निर्जीव सृष्टि को इस सिद्धान्त की कसौटी पर लिया जाय तो वे उनपर किसी प्रकारका प्रभाव नहीं पड़ेगा। जैसे किसी लोहे की छड़पर ताप और प्रकाश बाह्य उत्तेजन क्रियाओं का काम में लाया जाय तो उनकी अवस्था और गतिक्रिया में किसी भी प्रकार का परिवर्तन प्राप्त नहीं होगा।

सजीव और निर्जीव सृष्टि के बिभेदक लक्षण—

सजीव और निर्जीव सृष्टि को एक दूसरे से विभेदन करना अत्यन्त ही कठिन है। किन्तु साधारणतः इनका विभेदन निम्न प्रकार से किया जाता है—

(क) जीवन मूलकी पेचिदी क्रियायें—भौतिक जीवन का आधार जीवन मूल है। अतः 'जीवनमूल' स्थित समस्त सृष्टि 'सजीव' मानी जाती है और जीवनमूलरहित सृष्टि को निर्जीव कहते हैं।

(ख) जीवन मूलाश्रयी क्रियायें—जीवनमूल की प्रेरणा द्वारा संचालित, श्वासोच्छ्वास, गति, वृद्धि और पोषणादि क्रिया में सजीवसृष्टि के लक्षण हो जिनके द्वारा निर्जीव से इसका विभेदन किया जाता है। किन्हीं २ अवस्थाओं में निर्जीव सृष्टि में भी गति और वृद्धि की क्रिया प्राप्त होती है किन्तु ये आंशिक होती हैं। निर्जीव सृष्टि उस मशीन की भाँति है जो प्रेरणा द्वारा उत्तेजना प्राप्तकर अपना कार्य करती है। अपितु दोनों सृष्टियों को नितान्त एक दूसरे से विभेदन करने के लिए कोई निश्चित सिद्धांत स्थिर नहीं किया जा सकता है।

वनस्पति और प्राणि जगत् की विभेदक लक्षण—

उच्चश्रेणी के वनस्पतियों और प्राणियों के विदभेन में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती है क्योंकि उनके स्वयम् के विशिष्ट प्रकार के अवयव होते हैं। किन्तु निम्न श्रेणियों की सृष्टि में कुछ कठिनता अवश्य प्राप्त होती है। ऐसी स्थिति में इसके निश्चित रूप से विभेदन नहीं किया जा सकता है। साधारणतः इनके निम्नांकित विभेदक लक्षण प्राप्त होते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

क्रम संख्या	विभेदक-क्रिया	वनस्पति वर्ग	प्राणिवर्ग
(१)	वृद्धि (Growth)	(क) वृद्धिक्रम निश्चित स्थानाश्रमी (Localized.) (ख) वनस्पतियों का वृद्धि क्रम मृत्यु पर्यन्त चलता रहता है।	(क) वृद्धि क्रम-निश्चित स्थानाश्रमीका अभाव; प्राणियों की वृद्धि सर्वांगिक होती है। समस्त अंग एक साथ वृद्धिको प्राप्त होते है (ख) प्राणियोंका द्धि क्रम मृत्यके बहुत पहले एक निश्चितकाल के बाद बंद हो जाता है
(२)	हरितद्रव्य (Chlorophyll)	(Fungi) पराश्रमी (Parasite) के अतिरिक्त समस्त वनस्पतिवर्ग में उनके वर्ग को हरित करने वाला एक द्रव्य होता है जिसे हरितद्रव्य Chlorophyll कहते हैं।	अभाव
(३)	घटक प्राचीर (Cell-wall)	वनस्पति वर्ग में होता है।	यद्यपि प्राणिवर्ग भी घटक(Cell) से बना हुआ है किन्तु इनके घटक-प्राचीर का अभाव होता है।
(४)	वर्ण विहिन रासायनिक तत्व (Cellulose)	वनस्पतियों की घटक प्राचीरके एक रासायनिक तत्वसे निर्मित है जिसे Cellulose कहते है।	अभाव

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

क्रम संख्या		वनस्पति वर्ग	प्राणि वर्ग
(५)	आहार (Food)	हरित वनस्पतियां अपने पत्रोंके हरित द्रव्य और प्रकाश की सहायता से स्वयम् आहार प्राप्त करती हैं।	प्राणि वर्ग में हरित द्रव्य का अभाव होने से उनको अपने आहार के लिये दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है अर्थात प्राणिजगत् अपने आहार की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति वनस्पति जगतसे ही करता है।
(६)	प्राँगार द्विजारेय विभाजन (Decomposition of Co2)	वनस्पतियों में वायु मंडल के प्रांगारद्विजारेय के विभाजन की शक्ति होती है। यह शक्ति इनकी हरित घटकोंमें ही होती है। ये घटकोमें दिन प्रांगार द्विजारेय का वायु से आचूषनकर शर्करा आदि उपयोगी द्रव्यों के निर्माण के कार्यमें लाती है। रात्री के वनस्पतियां प्रांगार द्विजारेय का परित्याग करती ह। इसी लिय कहा है कि–"**रात्री वृक्ष मूलानी दूरतः परिव्रजेत्**"	अभाव

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वानस्पतिक सृष्टि

(THE PLANT KINGDOM)

	Division	Sub division	
अपुष्प (Cryptogams) (Kryptos; concealed, gamos, menlage)	१. Thallophyta	Algae. Fungi. Lichens.	
	२. Bryophyta	Liverworts Mosses.	
	३. pteridophytas.	Horse-tails. Club-mosses. Ferns. Selaginella.	
सपुष्प (Phanerogams)	नग्न बीजी	(१) (Gymnosperms) (naked seeds)	Cycads. Conipers.
	आवृत बीजी	(२)Angiosperms (Closed seeded plants.)	Dicotyledons Monocotyledons

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वर्णन की दृष्टि से समस्त वानस्पतिक सृष्टि का विभाजन निम्न प्रकार से किया जाता है।

(१)	वानस्पतिक सृष्टि	(Plant kingdom)
(२)	विभाग	(Division)
(३)	उप-विभाग	(Subdivision)
(४)	श्रेणी	(Class)
(५)	वर्ग	(Orders)
(६)	जाति	(Family)
(७)	उपजाति	(Genus)
(८)	विशिष्ट	(Species)

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मूल पत्र काण्ड विहिनोद्भिज्ज Thallophyta) Gr. "*Thallo*" a young short and "*Phyton*" a plant)—ये मूल काण्ड पत्र रहित सबसे निम्न श्रेणी की वनस्पतियां होती हैं।

(क) शेवाल (Algae)—साधारणतः ये हरित वर्ण की होती है और इनके हरित द्रव्य पर्याप्त मात्रा में रहता है। प्रधानतः ये जल में रहती है किन्तु इसकी कुछ जातियां तरभूमि, पेड की त्वक् लकड़ी के लट्ठों; बाडो या कभी कभी चट्टानों पर जहां पर नमी विशेष हो प्राप्त होती है।

हरितद्रव्य के अतिरिक्त इसमें अन्य 'वर्णोंत्पादक द्रव्य' (Colour substances) भी होते हैं जो इसके प्रधान हरितवर्ण को फीका कर देते हैं। इन वर्ण के कारण इसकी निम्न प्रकार की जातियां प्राप्त होती है:—

शेवालादि Algae	(अ)	Cyanophyceae	(Blue green alage)
	(आ)	Chloropyceae	(green alage)
	(इ)	Phaeophyceae	(Brown alage)
	(ई)	Rhodophyceae	(Red alage)

(ख) हरित द्रव्य विहिनवनस्पति Fungi—इसमें हरित द्रव्य का अभाव होता है। अतः ये हरितवर्ण रहित होती है। इसका जीवन पराश्रयी होता है। इसकी निम्नांकित चार जातियां होती हैं।

(अ) जीवाणु (Bacteria)—

(आ) जलाश्रयीं वनस्पति (Phycomycetes)Gr "*Phykos*" seaweed "*Myces*" Fungus,—य algae से मिलती जुलती है।

(इ) मूत्राशयाकारी (Ascomycetes)—Gr "*Askos*," a bladder, and "*Myces*" a fnngus इसके spores

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(उ) Basidomycetes; (Gr. "*Basis*," base- and "myces," fungus.)—

(ग) मिश्रित हरित वर्ण विहिनि वनस्पति Lichens ये शेवाल और fungi की मिश्रित जाति की होती है। ये प्राय: सर्वत्र प्राप्त होती है।

(२) अपुष्प वनस्पति (Bryophyta;—"*Bryon*," moss and "*phytom*, i.e moss plant—ये उच्च श्रेणि की अपुष्प जाति की वनस्पति है। प्रधानत: ये नम दिवालों, और तरभूमि पर प्राप्त होती है। इनका वर्ण सुन्दर और हरित होता है। इसकी कोई भी जाति औषधोपयोगी नहीं है।

(अ) Liverworts —ये निम्न श्रेणी के Bryophyta है। ये हरितवर्णयुक्त और चौड़ी होती हैं इनके निम्नभाग में मूलाकारी रचना प्राप्त होती है।

(आ) Mosses—ये उच्च श्रेणी के Bryopyta होते हैं। इनके काण्ड पत्र, और मूलकी रचना सूक्ष्म होने से दूसरों से पहिचाने जा सकते हैं।

(३) पक्षाकारी वनस्पति Pteridophyta— (Gr. "*pteron*" wing. and '*Phytona*' plants) ये सर्वोच श्रेणीके अपुष्प वनस्पतियां होती हैं। इस जाति के पौधा का तना, पत्र और मूल पूर्ण विकसित होते हैं। ये सपुष्प से केवल इतनी ही भिन्नता रखते हैं कि इनमे सन्तानोत्पति क्रिया का अभाव होता है। ये प्रधानत: छायादार नम स्थानों में प्राप्त होते हैं।

(अ) Ferns— इनमें फूलों की पूच्छ के समान मुडी हुई पत्तियां होती हैं और परिपक्व पत्तियों के निम्न प्रान्त पर Spores होते हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(आ) **Horsetail**— ये रोमश होती है।

Club mosses—इसकी मूल भेड़िये के पंजे के आकार के समान होती है।

(१) नग्नबीजी (Gymonsperms)—इसके बीज फल में बन्द नहीं होते हैं।

(२) आवृतबीजी (Angiosperms)—इसके बीज फल में बन्द होतेहैं। ये सपुष्प जाति का सर्वोच्च श्रेणी होती है जिनमें विशिष्ठ प्रकार के पूर्ण विकसित मूल काण्ड, पत्र, पुष्पादि होते हैं।

अबतक प्राप्त जातियों की संख्या–

१.	Alage—	१४,०००
२.	Fungi—	७०,०००
३.	Mosses & allies—	२२,७७०
४.	Ferns & allies—	८,०००
५.	Gymnosperms—	५००
६.	Angiosperms—	१३३;०००
(क)	Dicotylendons—	१०१,००
(ख)	Mynocotyledons—	२४,०००
कुल		२,४८,४२०

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मूल

परिभाषा—मूल औद्भिज सृष्टि का अधोगा भाग है जोकि आदिमूल से विकास पाता है।

प्रकार—प्रधानतः मूल के तीन प्रकार होते हैं:—

(क) प्रारम्भिक मूल (primary root)— आदिमूल से सीधा विकास प्रारम्भिक मूल कहलाता है।

(ख) प्रधान मूल (Tap-root)—यदि प्रारम्भिकमूल बराबर नियमित रूप से विकास पाती रहे और अन्य शाखाओं की अपेक्षा उसका आकार मोटा हो तो उसे 'प्रधानमूल' कहा जाता है। यह प्रधानतः द्विदली उद्भिज्जों में प्राप्त होती है।

(ग) सूत्रमूल (Fibrous root)—एक दली उद्भिजों में भी आदिमूल से 'प्रारम्भिक मूल' निकलती है किन्तु उसमें पृथ्वी के समीप काण्ड के तलभाग से अनेक सूत्र समान मूल समूह निकलते हैं जिन्हें 'सूत्र-मूल' कहते हैं।

मूल विभाग (Regions of the root)—मूलके निम्नांकित चार भाग होते हैं।



मूल विभाग

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(क) मूलकोष (Root cap)—प्रत्येक मूल का अग्रिम भाग एक कोष से आवृत रहता है जो कि पृथ्वी में प्रवेश करते समय उसके अग्र कोमल भाग की रक्षा करता है। जलाश्रयी उद्भिजों में (Aquatic plants) मूलकोष का अभाव होता है। मूलकोष का बाह्य भाग जैसे जैसे प्रायः नष्ट होने लगते हैं तो निम्न भागीय तन्तुओं द्वारा घटकों (Cells) का निर्माण होता है।

(ख) वृद्धि-भाग (Grownig region)—वह मूलकोष का पृष्ठ भाग है जिसकी लम्बाई एक मिलिमीटर के लगभग होती है। घटकों का विभाजन इसीभाग में होता है।

(ग) लम्ब-भाग (Regions of elongation)—यह 'वृद्धिभाग' का ऊपरी भाग है जिसकी लम्बाई २ से ५ मिलिमीटर के लगभग होती है। इसमें घटक की लम्बाई में वृद्धि बहुत ही क्षिप्रगति से होती है। मूल की वृद्धि का प्रधान कारण इस भाग के घटकों की लम्बाई में वृद्धि है।

(घ) मूल-रोम-भाग (Region of root hairs)—मूल के किंचित् उर्ध्वभाग में सघन सूक्ष्म रोमगुच्छ विखरे हुए होते हैं जिनकी रचना 'डोरे' से मिलती जुलती है। इन्हें 'मूल-रोम' कहते हैं ये पृथ्वी में मृत्कणो से जल और अन्य वनस्पति-जीवनोपयोगी पदार्थों का शोषण करते हैं। इस भाग में तन्तुओंमें का विभाजन भी होता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विभेदक लक्षण	मूल	काण्ड
(१) स्वभाव	मूल का स्वभाव प्रकाश और काण्ड के विपरित पृथ्वी की ओर जाना है। केवल अनियमित मूल की वृद्धि पृथ्वी की ओर ही होती है।	काण्ड प्रकाश का आश्रय ले पृथ्वी के ऊपरकी ओर वृद्धि को प्राप्त होता है।
(२) पत्र वर्ण	साधारणतः मूल हरितवर्ण रहित होते हैं। कभी कभी प्रकाश प्राप्त होने पर इनका वर्ण हरित हो जाता है जैसे गूडूचीमूल	नवीन काण्ड सर्वदा हरित वर्ण युक्त होता है।
(३) पत्र-पुष्प	मूल में प पुष्पपर्व नहीं होते हैं। कहीं कहीं पत्र-पर्व (Leaf bud) अवश्य देखने में आते है। किन्तु पुष्प-पर्व का मूल में नितान्त अभाव होता है। पत्र-पर्व वालों में शीशम, बेल आदि।	काण्ड को सन्तानोत्पति आदि क्रियाओं के लिये इन पर्वो को उपयोग में लाता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विभेदक लक्षण	मूल	काण्ड
(४) मूलकोष	मूल सर्वदा मूलकोष द्वारा रक्षित रहती है और वहीं उसका अन्त माना जाता है।	काण्ड का अन्त 'शुंग' (Terminal buds) में होता है जिसका अक्ष अनेक नवीन पत्रों से आवृत रहता है। वायकीय या आरोही मूलों में अनेक मूल कोष होते है। जैसे केवड़ा
(५) केश	मूल में रोम एक घटकीय (Unicellulan) होते है।	काण्डके रोम बहू घटकीय (Multi-cellular) होते हैं।
(६) निमार्ण	मूल का निर्माण हमेशा अंन्तः स्थित तन्तुओं से होता है। अतः इन्हें 'अन्तर्जात' (Endogenous) कहते है।	प्रायः शाखाये बहिर्स्थित तन्तुओं से निर्मित होती है। अतः इन्हें 'बहिर्जात' (Exogenous) कहतें हैं।
(७) ग्रंथि और पर्व	गंथि आर पर्व का मूल में अभाव होता है।	काण्ड में ग्रथि और पर्व रहते है। किन्तु ये स्पष्ट नहीं होते है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अनियामित मूल

(ADVENTITIOUS ROOTS)

परिभाषा–प्रारंभिक मूल और उसकी शाखायें नियमित मूल (Norml roots) कहलाती हैं। काण्ड के अन्य किसी भाग से निकलने वाले मूल को 'अनियमित-मूल' कहते हैं। ये निम्न प्रकार की होती हैं।

(१) स्तम्भाकार (Prop roots)–ये काण्डकी विस्तृत शाखाओं से निकलकर जमीन में जाती है और पेड़ को स्तम्भ का कार्य करती है जैंसे बरगद

(२)अवलम्बकमूल Stilt roots)–काण्डकी भिन्न भिन्न ऊंचाई से अनियमित मूल निकलकर तिरछे बढते हुए पृथ्वी में प्रवेश कर पेड़ को अवलम्बन प्रदान करे इन्हें 'अवलम्बक मूल' कहते हैं।

(३) पत्रमूल (Leaf-roots)—पत्र कलिआओं से निकलने वाले मूल को 'पत्रमूल' कहते हैं जैसे पत्थर चूर

(४) आरोही मूल (Climbing roots)—जो काण्ड से मूल निकालकर दूसरे वृक्षपर उसकी सहायता से चढ़े उसे 'आरोही मूल' कहते हैं। जैसे नागरवेल, पिप्पली आदि

(५) श्वसनीय मूल (Respiratory roots)–जलाश्रयी उद्भिज्जमें जल में तैरती हुई शाखाओं से मूल निकालते हैं जो वर्णरहित, हल्की कोमल और सछिद्र होती है और जल के सतह पर तैरती है। इन्हीं के द्वारा श्वासोच्छ्वास में सहायता प्राप्त होती है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(६) आचोषक-मूल (Parasite or sucking roots)–पराश्रमी उद्भिज्ज एक विशेष प्रकारकी मूल द्वारा अन्य उद्भिज्ज अर्थात् उससे आश्रय प्रदान करने वाले (Host plants) का छेदनकर उंसके तन्तुओं से आहाररस का आभूषन करते है। जैसे स्वर्णलता; अमर वेल आदि

(७) वायवीय मूल (Aerial roots)–कुछ उद्भिज्ज अन्य वृक्षों पर उत्पन्न होते हैं किन्तु वे उनके आश्रयी वृक्षोंसे आहाररस का आचूषन नहीं करते हैं। उनके मूल लटकते हुए होते है और वायुद्वारा अपने आहार का निर्माण करते हैं। उन्हें 'वायवीय मूल' कहते हैं।

(८)सात्म्यकरण-मूल(Assimilatory roots)–बहुतसे जलाश्रमी और वातावलम्बी उद्भिज्जोंकी मूल हरित वर्णयुक्त हो जाती है इनके घटको में हरित द्रव्य होता है। यह हरित द्रव्य आहार निर्माण का कार्य करता है। इन्हें 'सात्म्यकरण-मूल' कहते हैं।

(९) सूत्र–मूल (Fibrous roots)—एक दली उद्भिजों के सूत्र मूल सर्वदा अनियमित होते हैं। ये मूल काण्ड ग्रांथि या जमीन पर फैलनेवाली शाखाओं के पर्वो से गुंच्छों में निकलते हैं। ये घास में बहुतायत से प्राप्त होते हैं और स्पष्टतया दृष्टिगोचर होते है।

मूल–रूपान्तर (Modification of roots)—प्राय: प्रारम्भिक मूल और उसकी शाखाओं का रूपान्तर हो जाता है। ये मोटे और माँसल हो जाते हैं। उद्भिज्ज को जमीन में दृढ़ रखने के साथ ही साथ आहार का संचय कार्य विशेष बढ़ जाता। ये रूपान्तर निम्नाकित हैं:—

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(१) मूलिकार-मूल (Fusiform roots)—जो मध्यभाग में ऊंचे उठे हुए हों, और अग्रिम भाग की ओर क्रमशः पतले होते उन्हें 'मूलिकारी मूल' कहते हैं जैसे मूली

मूलिकार-मूल

(२) सलगमाकार-मूल (Napiform roots)—जो ऊपरी भाग में बहुत ही ऊंचे उठे हुए हों और जिनका निम्न भाग एकाएक पतला हो गया हो उन्हें 'सलगमाकारी मूल' कहते हैं जैसे सलगम और बीट



सलगमाकार-मूल

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(३) शंक्वाकारी-मूल (Conical roots)—जिनका ऊर्ध्वभाग मोटा और अधोभाग क्रमशः पतला हो उसे 'शंक्वाकारी मूल' कहते जैसे गाजर

शंक्वाकारी-मूल

(४) कन्दाकार-मूल (Tuberous roots)—जिनकी मोटाई अनियमित रूप से हों वे 'कन्दाकारी मुल' कहे जाते हैं जैसे शकरकन्द, रतालु आदि

कन्दाकार-मूल

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(५) कन्द गुच्छाकारीमूल (Fasciculated roots)—जब काण्ड के तल भाग से अनेक गुच्छ में कन्द निकले तो उन्हें 'कन्द गुच्छाकार मूल' कहते हैं जैसे शतावरी

कन्दगुच्छाकारी–मूल

(६) ग्रंथि-मूल (Nodulose roots)—जो मूल अग्रिम भाग के समीपवर्ती प्रान्त में एकाएक मोटी हो जाय उन्हें 'ग्रंथिमूल' कहते हैं जैसे अम्बाडा



ग्रंथि–मूल

मूल के कार्य— प्रधानतः मूल के निम्नांकित कार्य होते हैं—

(१)दृढ़ता (Fixation)—मूल उद्भिजी को दृढ़ता प्रदान करता हैं। प्रधानमूल भूमि में गहरी प्रवेश करती है और उसकी अन्य शाखायें उद्भिज से समीपवर्ती प्राँन्त में चहुं ओर फैलकर उसकी दृढ़त कसंरक्षण करती है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(२)अचूषन (Absorption)—मूल अपने रोमोंके द्वारा मृत्कणोंसे उद्भिज जीवनोपयोगी आहार द्रव्यों का आचूषन करती है।

(३)संवहन (Conduction)—मूल पृथ्वी से प्राप्त नानाप्रकार के उपयोगी द्रव्यों तथा जल को काण्ड में और अन्तः पत्तों तक पहुँचती है।

(४)संग्रह (Storage)—अपने भविष्य की आवश्यकता की पूर्ति के हेतु मूल खाद्य द्रव्यों का संचय करती है।

काण्ड (तना)

(STEM)

काण्ड उद्भिज के अक्ष से उर्ध्वगामी भाग है जो सीधा 'प्ररोह' (Plumle)से वृद्धिको प्राप्त होता है। इसके प्रधानअंग पत्र शाखायें और पुष्प हैं। नवीन काण्ड हरितवर्ण युक्त होता है। नवीन वर्धन-शील अक्ष (Axis) की रक्षा छोटे छोटे पत्रों द्वारा की जाती है। प्रायः काण्ड के नाना प्रकारसे अनेक घटकीय कार्य होते हैं और बाह्य भाग शाखा में होते हैं। बाह्य भाग पर पर्व और सन्धिया होती हैं जिनसे पत्र और शाखायें निकलती हैं। जब काण्ड या शाखा का पत्र पर्व में अन्त होता है तो वे ऊर्ध्व या चारोंओर बढ़ने लगते हैं किन्तु इनका पुष्प पर्व में अन्त होने पर वृद्धि क्रिया नष्ट हो जाती है।

वर्णनोपयोगी—पारिभाषिक शब्द—

१ गोलाकार (Cylindrical)—प्रायः काण्ड गोल होता ह।

२ त्रिकोणाकार (Triangular)—जैसे तुलसी

३ चतुष्कोणीय (Quadrangular)—

४ नलिकाकारी (Fistular)

काण्ड-प्रकार (Forms of stem)—

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(१) वायवीय (Arial)—ये स्वावलम्बी, कठोर और पृथ्वी पर सीधे खड़े हुए होते हैं। प्रधानतः ये दो प्रकार के होते हैं–

(अ) स्वावलम्बी (Erect or strong stem)—ये कठोर होते हैं। अतः पृथ्वी पर बिना किसी अवलम्बन के दृढ़ रहते हैं। वृक्ष, गुल्म और क्षुप के काण्ड इसी श्रेणी में आते हैं।

ये भी विभिन्न प्रकार के होते हैं—

(क) शाखारहित काण्ड (Caudex)—शाखारहित, गोल, स्वालम्बी, और गिरे हुए पत्रों के निशान वाले काण्ड को शाखारहित काण्ड कहते हैं जैसे ताड

(ख) रिक्तपर्व-काण्ड (Culm)–कठोर सन्धि रिक्तपर्वयुक्त और आपस में संयुक्त काण्ड को-कहते हैं। जैसे बाँस

(ग) आवृत-काण्ड (Scape)—कुछ एकदली उद्भिजों के वायवीय काण्ड नहीं होते हैं। कांड दबा हुआ और जहां अन्तः प्रविष्ट होता है और वहीं से उसके पत्र निकलते हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है मानो मूल से पत्र निकल रहे हों। पुष्पोद्भवकाल में यह भूमि स्थित काण्ड एक स्वावलम्वी वायवीय काण्ड को उत्पन्न करता है जिसके अग्रिम भाग से एक या गुच्छ में पुष्प निकलते हैं ऐसे काण्ड को (Scape) कहते हैं जैसे रजनीगंधा।

प्रधान काण्ड (Excurrent)—अनिश्चितरुप से बढ़ता जाता है और चारों ओर शाखाये प्रशाखे फैलाता हुआ एक Pyramidal आकर को धारण करता है उसे (Excurrent) कहते है।

(अ) छमाकारी (Deliquescent)—जब प्रधान कक्ष की वृद्धि अवरूद्ध हो जाती है और शाखाये प्रकाण्ड के चारों ओर फैलकर एक छत्र Dome का आकार धारण करलेती है उसे-कहते है जैसे बरगद

(आ) परालम्बी —में कोमल, पतले, लम्बे, और निर्बल होतें से पृथ्वी पर दीर्घ काल तक दृढ़ खड़े नहीं रह सकते है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(१) प्रसारणि (Creepers)–ये मूल रहित होती है और पृथ्वी से कुछ पर ऊउठने पर शाखाये निकल कर जमीन पर चारों ओर फैलती हैं।

भौमिक काण्ड (Underground)—कुछ काण्ड हमेशा के लिये जमीन में ही रहते हैं अनुकुल परिस्थिती प्राप्त होने पर ही इससे वायवीयकाण्ड निकलते हैं। इनका प्रधान कार्य खाद्य संचय करना होता है।

काण्डाक्षि (Buds)–का अग्रिमभाग मूल, पत्र आदि अवयव जो नवीन उद्भिज्ज उत्पन्न करने वाले अकुंर को 'अक्षि' कहते हैं।

(१) शुंगाक्षि (Terminal buvd)–काण्ड या शाखा के अग्रिम-भाग से निकलेनें वाली अक्षि को 'शुंगाक्षि' कहते है।

(२) पत्रकोणोद्भूताक्षि (Axillary buds)–पत्रकोणोसे निकलनें वाली अक्षिको पत्रकोणोद्भूताऽखि कहते हैं।

(३) अतिरिक्ताक्षि (Accessory buds)—पत्रकोणोंके अतिरिक्त सभी मध्य प्रदेशमें अन्य उद्भूत होने वाली अक्षियोंकी 'अतिरक्तक्षि' कहते हैं।

(४) अनियमिताक्षि (Adventitious buds)—उद्भिज्ज के क्रिमी की अवसर पर उत्पन्न होने वाली अक्षिको अनियमिताक्षि कहते है।

काण्ड का रूपान्तर

(क) भौमिक काण्ड रूपान्तर—कार्य विशेष की दृष्टि से काण्ड को रूपान्तरित होना आवश्यक हो जाता है। इसके प्रधान चार रूपान्तर होते है।

(१) अनियताकार (Rhziome)—यह मोटा, प्रसरणाशील और मांसल होता है जैसे अदरक

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(२) गोलाकार (Tuber)—यह मांसल और इसका अग्रभाग गोल होता हें। इसके अक्षियाँ (Eyes) होती है जिसके स्वतंत्र पौधा अन्दर होता है। ज़ैसे अलू

(३) वज्राकार (Corm)—इसमें खाद्य द्रव्य बहुत संचित होता ह। अतः यह मोटा और मांसल होता है— सूरण

(४) वल्लीकाका (Bulbs)—इसका कन्द छोटा होता है और वल्कल पत्रों से आवृत रहता है। जैंसे प्याज

(५) दीर्घमूलिनी (Runner)— यह क़ोमल हरित वर्णयुक्त पतली औ लब्ब शाखा है ज़ो जमीन पर फैलती है। इसके पर्वों से मूल निकलती है जो स्वतंत्र पौधा उत्पन्न होता है जैसे ब्राह्मी

(६) ह्रखमूलिनी (Stolon)—यह तने के तल भाग से उत्पन्न होकर पृथ्वी से कुछ ऊपर उठती है इसका क़ाण्ड किंचित् छोटा और मोटा होता है इसकी शाखायें विभिन्न दिशाओं को फैलती हैं जैसे जलकुंभी

(७) नतमूलिनी (Offset)—ये पत्रकोण से निकलती है। उद्भव के समय वह छोटी कुछ मोटी होती है दहले यह कुछ ऊपर की ओर प्रवृत होकर पुनः नीचे झुक जाती हैं। जमीन तक पहुंचते ही इससे छोटी २ गुच्छ में मूल निकलते हैं। इन्हीं से नवीन पौधे का जन्म होता है।

(८) प्ररोही (Sucker)—यह जमीनसे कुछ बढ़ने के पश्चात् एक नवीन पौधे को जन्म देती हैं।

ग वायवीय काण्ड रूपान्तर (Metamorphors)—

(९) तान्तवी-काण्ड (Sten tenudril)—यह पतला, पत्र रहिन, और आवृत शाखायुक्त होता हैं जिससे पराश्रमी पौधे अन्य पौधों का आश्रय लेकर चढ़ते हैं। इससे प्रधानतः सूत्र होते हैं केवल सूत्र ही आरोहण का कार्य करते हैं। जैसे क़दली

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(१०)कंटक (Thorn)—ये कठोर, प्रायः सीधे और तीक्ष्ण होते हैं ये बाह्याक्रमण से पौधे की रक्षा करते हैं। तालीसपत्री

(११) पत्रामास-काण्ड (Phylloeladke)–यह हरित वर्णयुक्त चपटा और गोल काण्ड होते हैं हरे वर्ण का होने से यह पत्र का कार्य करता है। जैसे थूहर.

(१२) मासल-काण्ड (Bulbil)—ये बहुधावायवीय अवयव जो पौधे के सन्तानोत्पति कार्य में सहायता प्रदान करता है। चूका

काण्ड के कार्य

(१) संवहन—यह जल और घुले हुए खाद्यखनिजद्रव्यों को मूल से पत्रों तक संवहन करता है।

(२) संरक्षण—यह उद्भिज के लिए स्तम्भ का कार्य करता है।

(३) सन्तानोत्पति— काण्ड अपनी शाखा और पतों को बहुत ही विस्तृत कर खाद्य पदार्थों का निर्माण करता हैं और पुष्पों के द्वारा सन्तानोत्पति का कार्य सम्पादन करता है।

(४) संचय—अपने भविष्य की आवश्यकता की पूर्ति केहेतु खाद्य पदार्थों का संचय करता है।

पत्र
(Leaf)

पत्र काण्ड या शाखा की चौड़ी पार्श्विक प्रवर्धन है जो कि एक पर्व से निकलता है और जिसके पत्रकोण में एक अक्षि अवश्य होती है। साधारणतः इसका पृष्ठ हरित वर्ण का होता है और पौधे का सबसे आवश्यक अंग जो कि खाद्य निर्माण क्रिया सम्पादन करता है।

पत्र के भाग—पत्र के मुख्य तीन भाग होते हैः—

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(१) पत्र तल भाग (Leaf base)—यह भाग काण्ड से काण्ड लग्न होता है ।

(क.) बहुत से पौधे में पत्र तलभाग मोटा (Sheaths) होता है जो आँशिक्रिया सम्पूर्ण काण्ड को आवृत करलेता है इसे Speathing leaf कहते हैं ऐसे पत्र तल भाग एक दलो पौधों में बहुतायत से प्राप्त होता है।

(ख)पुंखपत्र (Stipues)–द्विबीजी पौधों से पत्रों के तल भाग के दोनों किनारों पर एक हस्ताकार रचना होती है जिसे पुंखपत्र (Stipubes)कहते हैं ।



पत्र–विभाग

(ग) मासल (Pulvines)–कहीं कहीं पत्र तल भाग बहुत ही मोंटा होता है उसे जैंसे अपराजिता

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(२) पत्रवृन्त (Petiole)–पत्र तल और पत्र फलकके मध्य भाग को 'पत्रवृन्त' कहते हैं।

(क.) सवृन्त (Petiolate)–जब पत्र के वृन्त से संलग्न रहता है। तो उसे 'सवृन्त' कहते हैं।

(ख.) अवृन्त (Sessile)–वृन्त रहित पत्र को 'अवृन्त' कहते हैं। अवृन्त पत्रों का फल के तल भाग के ही दो पर्वों में विभक्त हो जाते हैं जो कांण्ड को आंशिक या सर्वांगिक रूप से आवृत कर लेते हैं।

(३) फलक (Leaf blade or lamina)–यह पत्र का विस्तृत भाग है ये दो पार्श्वों से मिलकर बना हुआ हीता है जो आपस में एक दूसरे से कठोर माध्य शिरा (Mid-rib) द्वारा जुड़े हुए होते हैं।

इसके प्रधान अवयव निम्न प्रकार हैं:–

(अ.) पत्राग्रभाग (Apex of the leaf)—जहां माध्यशिरा समाप्त होती है और दोनों ओर के पार्श्व मिलते हैं उसे 'पत्राग्र' कहते हैं।

(क) तीक्ष्णपत्राग्र (Acute)जब पत्र का अग्र भाग अत्यन्त तीक्ष्ण हो तो उसे 'तीक्ष्णपत्राग्र' कहते हैं।

(ख) लम्बाग्र (Acumminate)–जब पत्र का अग्रिमभाग पतला ओर बहुत आगे निकला हुआ हो तो उसे 'लम्बाग्र' कहते हैं। जैसे पीपल

(ग) कुण्डितपत्राग्र (Obtuse)–जब पत्र का अग्रिमकोप नितान्त गोल हो तो उसे कुण्ठितापत्राग्र कहते हैं। जैसे बरगद

(घ) नतपत्राग्र (Emarginate)—जब पत्र का अग्रिम भाग बहुत ही भीतर दबा हुआ हो तो उसे नतपत्राग्र कहते हैं। जैसे कचनार

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चकंटकीय पत्राग्र (spionus)–जब पत्र का अग्रिम भाग तेज हो तो उसे 'कंटकीय पत्राग्र' कहते है । जैसे खजूर

छ सूत्रवत् पत्राग्र (Tendrills)–जब पत्र का अग्रिम भाग सूत्र मैं रूपान्तरित हो जाय उसे 'सूत्रवत् पत्राग्र' भाग कहते हैं । जैसे कलिहारी

पत्रधार (Margin of the leaf)–पत्र के दोनों पार्श्वों के किनारे को 'पत्राधार' कहते हैं–

ये निम्न प्रकार की होती हैं ।

(१)अखण्ड (Entire)–अखण्डित और स्निग्ध किनारे 'अखण्ड' कहे जाते हैं । जैसे बरगद, आम आदि

(२) (Pepand)–जब पत्रधार अखण्ड हो तो चारों ओर से लहर के समान मुड़ी हुई हो जैसे देवदारुस आदि

(३) तीक्ष्णदन्ताकार (Sessae)—जब पत्रधार और द्रव्यके समान दन्त युक्त हो और ये दांत उध्वोनुभवी हो तो उन्हें 'तीक्ष्णदन्ताकार' पत्रधार कहते हैं ।

(४)दन्ताकार (Entat)–जब पत्रधार से पन्त ० तक उर्ध्वभुवी हो तो उन्हें 'दन्ताकार' पत्राग्र कहते हैं ।

(५) कुण्ठित दन्ताकार (Crenate)–यह गोल दन्ताकारी पत्रधार होती है । जैसे ब्राह्मी

(६) कंटकपत्रीधार (Spinous)-जब पत्र धार पर कांटे हो जैसे पीला धतूरा

